सक्सेस स्टोरी–1

नाम :– रंजू देवी

पति :– अरविन्द साव

मो० – 7673892201

पता :– देवीचक फतुहा वार्ड नं० – 13 (बिहार)

नगर निकाय का नाम– फतुहा नगर परिषद

पता – शीशामिल फतुहा पटना।

" सकारात्मक सोच एवं लगन से सफलता का मार्ग प्रशस्त किया"

अपने सकारात्मक सोच के बदोलत फतुहा में रहने वाली 45 वर्षीय महिला रंजु देवी की कहानी निश्चय ही ह्रदय के विचलित कर देने वाली हैं।

अत्यंत ही साधारण परिवार से आने वाली रंजू देवी की सादी फतुहा देवीचक वार्ड नं०– 13 के निवासी अरविन्द साव से वर्ष 1991 में हुई थी। रंजु देवी के पति मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। धीरे–धीरे समय जैसे–तैसे समय व्यतित हो रहा था, समय के साथ रंजु देवी का परिवार भी बढ़ने लगा था उनकी दो लड़का एवं दो लड़की भी परिवार में बढ़ चुके थे, एक तो पहले से आर्थिक तंगी उपर से परिवार में वृद्धि होने से परिवार के भरण–पोषण में बहुत कठिनाई हो रही थी, भुखमरी जैसी हालत हो गई थी।

"DAY-NULM योजना के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ाव एवं जीवन में परिवर्तन"

वर्ष 2019 में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत नगर मिशन प्रबंधक एवं CRPs के द्वारा शहर के सभी वार्ड में जाकर महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के उदेश्य एवं इसके फायदे के बारे में बताया जा रहा था एवं स्वयं सहायता से जुड़ने हेतु प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा था। वर्ष 2019 में 08 दिसम्बर को एक स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया जिसका नाम उषा स्वयं सहायता समूह रखा गया ।
स्वयं सहायता समूह में रंजू देवी सदस्य के रूप में जुड़ी और समूह के पंचसूत्र नियमो का पालन करते हुए छोटी–छोटी बचत कर और समूह से ऋण लेकर अपने ही घर पर एक जेनरल स्टोर की दुकान शुरू कि और अपने एवं अपने बच्चों का भरण–पोषण करने लगी तथा इस से उनकी अर्थिक स्थिति में भी सुधार आने लगा।

समूह में बैठक करती हुई रंजू देवी

सक्सेस स्टोरी–1

"DAY-NULM योजना अन्तर्गत बैंक लिंकेज (CCL) से ऋण की प्राप्ति"

दिनांक – 10.02.2021 को DAY-NULM योजना के अन्तर्गत उषा स्वयं समूह को क्रेडिट लिंकेज के तहत 1,50000/– ऋण उपलब्ध कराया गया । समूह से ऋण मिलने से रंजू देवी अपनी जेनरल स्टोर की दुकान को और भी सफलता पूर्वक चलाने में सक्षम हुई। धीरे–धीरे उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ और वह अपने बच्चों को अच्छी परवरिस दे रही है।

" सच्ची लगन एवं साहस से जीवन शैली में बदलाव"

रंजू देवी के अनुशार महिला सशक्तिकरण हेतु सरकार

जेनरल स्टोर की दुकान में अपनी आजीविका को बढ़ाते हुए रंजू देवी

की यह योजना उनके जिवन में संजीविनी की तहत कार्य की है ।इस योजना के बदौलत वह आर्थिक विपन्नता को पाटकर आगे बढ़ रही रंजू देवी के अनुशार महिला सशक्तिकरण हेतु सरकार की यह योजना उसके जीवन में संजीविनी की तहत कार्य की है। इस योजना के बदौलत वह आर्थिक विपन्नता को पाटकर जीवन की राह में आगे बढ़ रही है। आज रंजू देवी हर महिला को योजना से जुड़ने एवं अत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित कर रही है।

संदेश

रंजू देवी कहती है कि हर बड़े बदलाव की शुरूआत एक छोटी बदलाव से होती है। विपत्ती के समय घबराना नही चाहिए, इसका डट कर सामना करना चाहिए।

Prepared by
नगर मिशन प्रबंधक

नगर परिषद्, फतुहा (बिहार)

धर्मेन्द्र कुमार सिंह